**विधान परिषद के प्रथम सत्र-2025 के द्वितीय सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-6 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 6 (क) क्या ऊर्जा मंत्री बतायेंगे कि कानपुर नगर के गोविन्द नगर क्षेत्र में नन्दलाल चौराहा से सी०टी०आई० को जाने वाली रोड जिसमें ब्लाक-13 और ब्लाक-जी है, जिसमें माह फरवरी में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विद्युत कटौती की जा रही है? | कानपुर नगर में 24 घण्टे विद्युत आपूर्ति की जाती है। साथ ही बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत व्यवस्था के लिए प्रणाली सुदृढीकरण तथा अनुरक्षण के कार्य शटडाउन लेकर कराये जाते है। आगामी ग्रीष्म व वर्षा ऋतु में सुचारू विद्युत आपूर्ति के दृष्टिगत उक्त कार्य कराया जाना अतिआवश्यक होता है।<br>कानपुर नगर के गोविन्द नगर क्षेत्र में नन्दलाल चौराहा से सी०टी०आई० को जाने वाली रोड जिसमें ब्लाक-13 और ब्लाक-जी है, उसमें माह फरवरी में दिनांक 01.02.2025 से 14.02.2025 तक समय-समय पर आगामी गर्मी को देखते हुए आर०डी०एस०एस० के अन्तर्गत लाईनों के सुदृढीकरण हेतु शटडाउन लेकर कार्य किया गया है। उक्त कार्य दिनांक 14.02.2025 तक पूर्ण करा लिया गया है।<br>शटडाउन के सम्बन्ध में उपभोक्ताओं को पूर्व से ही सूचना समाचार पत्रो, मीडिया एवं सोशल मीडिया के माध्यम से दी गयी थी।<br>कानपुर नगर में आर०डी०एस०एस० के अंतर्गत रू0 387 करोड के कार्य प्रणाली सुदृढीकरण हेतु कराये गये है। |
| (ख) यदि हाँ, तो इस कटौती के क्या कारण है? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) इस निरन्तर कटौती को सुचारू करने पर विचार करेंगे? | वर्तमान में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से की जा रही है। |
| (घ) यदि हाँ, तो कब तक? | उपरोक्तानुसार। |

**ए. के. शर्मा**
**ऊर्जा मंत्री।**